**अंकन योजना**

**अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)**

**सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2023**

**कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002**

**प्रश्न पत्र कोड 3/1/1, 2, 3**

**सामान्य निर्देश:**

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए, अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा-व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन-योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित हैं और/या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य-परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य-परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✓ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए, यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'अ'**<br>**( बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>काम या पेशा ..................................... विश्वास-पात्र होते हैं। | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – कोई भी रोजगार ................................ योग्य हा जाता है?<br>**उत्तर** – (a) जब वह पूरी ईमानदारी के साथ किया जाए। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'काम या पेशा ..................................... अभिप्राय है?<br>उत्तर – (b) काम अच्छा-बुरा नहीं होता, लोग बेइमानी से उसे बुरा बना देते हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – हाथ-पाँव की ......................................... संबंध है –<br>उत्तर – (d) सत्य से | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – कैसे व्यक्ति बेईमानी .............................. सदृश मानते हैं?<br>उत्तर – (a) दृढ़चित्त | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'भूकता हुआ कुत्ता ........................... का अर्थ है –<br>उत्तर – (d) सोये हुए योग्य व्यक्ति से धीमी गति से काम करने वाला व्यक्ति श्रेयस्कर है। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 | 1 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित दो काव्यांशों में से किसी एक काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : – | 5x1=5 |
| | | | | **काव्यांश-एक**<br>पारिख के घर में नीम का पेड़ था<br>.............................. से पूछते हैं। | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – इस काव्यांश के .............................. विकल्प चुनिए –<br>उत्तर – (b) कथन (ख) और (ग) सही हैं। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'घर गली से .............................. का आशय है –<br>उत्तर – (c) पेड़ के कारण उसके घर को दूर से ही पहचान लिया जाता था। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – नीम के पेड़ .............................. ले ली?<br>उत्तर – (c) छह बाई आठ फुट के कमरे ने | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'पारिख का मन .............................. का आशय है –<br>उत्तर – (d) पेड़ के साथ पारिख का बचपन भी खो गया | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – इस काव्यांश से .............................. सकते हैं –<br>उत्तर – (d) पेडों से प्रेम, किताबों की संगति, प्रकृति का संरक्षण | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | अथवा | अथवा | अथवा | **काव्यांश-दो**<br>उन्होंने बनाए बहुत नीले आसमान<br>.............................. बनाने में ! | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – काव्यांश की .................................. किस ओर है?<br>उत्तर – (b) बच्चों ने | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'पेड़ इतने .................................. अभिप्राय है –<br>उत्तर – (d) चित्रों में पेड़ अपने वास्तविक हरेपन के साथ हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'गेंद रखने .................................. नहीं बची?<br>उत्तर – (c) उत्साह में बनाए जाने पर चित्र बहुत भर गया और उसमें जगह नहीं थी। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – कवि के अनुसार .................................. बनाया है?<br>उत्तर – (a) ईश्वर<br>(b) मनुष्य<br>(दोनों विकल्पों में से किसी एक के चयन पर पूरे अंक दिए जाएं।) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'बड़ों ने दुनिया .................................. आशय है –<br>उत्तर – (b) बड़ों ने दुनिया से स्वाभाविकता और बचपना नष्ट कर दिया। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए – | 4x1=4 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – 'न तो तुमने .................................. वाक्य होगा –<br>उत्तर – (c) तुम फिल्म और नाटक दोनों ही नहीं देख सके। | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – सड़क पर धक्का ............................ मिश्र वाक्य होगा –<br>उत्तर – (c) जैसे ही उसे सड़क पर धक्का लगा वैसे ही वह गिर पड़ा। | 1 |
| | (iii) | – | | प्रश्न – 'जब सोहम सोकर .......................... संयुक्त वाक्य होगा –<br>उत्तर – (c) सुबह हो गई थी इसलिए सोहम सोकर उठा। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – स्तंभ I और .................................. चुनकर लिखिए –<br>उत्तर – (d) (I)-स; (II)-अ; (III)-ब | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों .......................... चुनकर लिखिए –<br>उत्तर – (d) कथन (क), (ग) और (घ) सरल वाक्य हैं। | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – 'निम्नलिखित वाक्यों में .......................... सरल वाक्य है?<br>उत्तर – (c) उसने मुझसे फिल्म देखने का अनुरोध किया तो था। | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – 'विदेश जाने पर ............................ मिश्र वाक्य होगा –<br>उत्तर – (b) जब बच्चे विदेश जाएँ तब अच्छी जगहों पर पढ़ सकें। | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (iii) | – | प्रश्न – 'जब देश आजाद ............................ जाए तो होगा –<br>उत्तर – (d) देश आज़ाद हुआ और संविधान बनाया गया। | 1 |
| | – | – | (i) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ....................सरल वाक्य नहीं है?<br>उत्तर – (b) गायक का गीत सुना और सब खुश हो गए। | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – 'वह बहुत बीमार था ........................ मिश्र वाक्य होगा –<br>उत्तर – (a) क्योंकि वह बहुत बीमार था अत: परीक्षा न दे सका। | 1 |
| | – | – | (iii) | प्रश्न – 'ठीक से काम करने ........................रूपांतरण होगा –<br>उत्तर – (d) ठीक से काम करो अथवा नौकरी छोड़ दो। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न – 'वाच्य पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'हम सभी सैलानी ......................... वाच्य पहचानिए –<br>उत्तर – (b) कर्तृवाच्य | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'उसने नेपाली ................................ कर्मवाच्य होगा –<br>उत्तर – (a) उसके द्वारा नेपाली बोली सीखी गई। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों .......................... उदाहरण नहीं है –<br>उत्तर – (c) बूढ़े दादू से रोटी भी नहीं खाई जाती। | 1 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित में से ................................ का उदाहरण है?<br>उत्तर – (d) मूर्तिकार पहाड़ों के दौरे पर निकल पड़ा। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – स्तंभ - I ................................ चुनकर लिखिए –<br>उत्तर – (c) अ-(II); ब-(I); स-(III) | 1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – 'पद-परिचय पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – | 4x1=4 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – 'रानी का दर्जी परेशान था <u>कि</u> वे हिंदुस्तान के दौरे पर क्या पहनेंगी' – वाक्य में रेखांकित अंश का पद-परिचय है –<br>उत्तर – (d) समुच्चयबोधक अव्यय | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – उसी ज़माने में यह घटना <u>घटी</u>। – रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा –<br>उत्तर – (a) सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल | 1 |
| | (iii) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित में किस ...................... का प्रयोग हुआ है?<br>उत्तर – (c) कौन-सी पुस्तक ले आऊँ? | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'जाड़ें में चारों ओर <u>कुहरा</u> छा जाता है।' रेखांकित शब्द का पद-परिचय है –<br>उत्तर – (a) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन | 1 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – आज के समय में <u>कम</u> लोगों को ही नौकरी मिलती है पर वे भी इस विषय में <u>कम</u> बोलते हैं। दोनों वाक्यों के <u>कम</u> का सामान्य पद-परिचय होगा –<br>उत्तर – (d) पहला कम - अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण,<br>दूसरा कम - अनिश्चित परिमाणवाचक क्रियाविशेषण | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – 'जब <u>वे</u> कक्षा में पहुँचे, सभी बच्चे शोर मचा रहे थे।' रेखांकित पद का परिचय होगा –<br>उत्तर – (a) पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्त्ताकारक | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – बालक <u>हँस</u> रहा है। रेखांकित पद का परिचय होगा –<br>उत्तर – (c) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य | 1 |
| | – | (iii) | – | प्रश्न – निम्नलिखित में .................................. का प्रयोग नहीं है?<br>उत्तर – (d) थोड़ा बोलो, अधिक सुनो। | 1 |
| | – | – | (i) | प्रश्न – <u>अहा !</u> देखो हिमालय की चोटी कैसी चमक रही है। – इसमें रेखांकित पद का परिचय है –<br>उत्तर – (c) विस्मयादिबोधक, उल्लास सूचक | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – किसी ज़माने में शिवानी यहाँ <u>रहती</u> थी। – रेखांकित पद का परिचय है –<br>उत्तर – (a) अकर्मक क्रिया, भूतकाल, स्त्रीलिंग, एकवचन, | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | कर्तृवाच्य | 1 |
| | – | – | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित में ............................... का प्रयोग नहीं है?<br>उत्तर – (d) भाई ने यह भेज दिया है। | 1 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | प्रश्न – 'अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार उचित विकल्प चुनकर दीजिए – | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – स्तंभ I और ................................ चुनकर लिखिए –<br>उत्तर – (b) (I)-स, (II)-अ, (III)-ब | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य ................................ का उदाहरण है?<br>उत्तर – (d) मेघ आए बड़े बन ठन के, सँवर के। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'अंबर में तारे ................................ अलंकार है?<br>उत्तर – (a) उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'चंचला स्नान ................................ थी ऐसे।।<br>उत्तर – (b) उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'पानी गए न ................................ अलंकार है –<br>उत्तर – (a) श्लेष अलंकार | 1 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 7 | 7 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| | | | | सचमुच हैरान ..................................... प्रेरणा देता रहा। | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – गद्यांश के अनुसार ..................................... पूरक रहे हैं?<br>उत्तर – (d) बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'काशी में मरण ..................................... का आशय है –<br>उत्तर – (c) मान्यता है कि काशी में मृत्यु मोक्षदायिनी है। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित कथनों .............................. चुनकर लिखिए।<br>उत्तर – (c) कथन (क) और (ख) सही हं। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'गंगा-जमुनी ..................................... समझते हैं?<br>उत्तर – (b) विभिन्न धार्मिक समुदायों का आपसी सामंजस्य | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के ..................................... <u>असत्य</u> है?<br>उत्तर – (a) वहाँ की साहित्य, संगीत, संस्कृति की हर परंपरा अब लुप्त हो चुकी है। | 1 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | प्रश्न – गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (i) | – | – | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज' पाठ ........................ चुनकर लिखिए –<br>उत्तर – (c) (क), (ख) और (ग) तीनों | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – अपने पुत्र की .................................... ने क्या किया?<br>उत्तर – (d) फूल और तुलसीदल बिखरा दिया, शव के सिरहाने दीप जलाया, कबीर के पद गाए। | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – बालगोबिन भगत द्वारा .......................... चुनकर लिखिए –<br>उत्तर – (d) (क), (ख) और (ग) | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – 'एक कहानी यह भी' ............................... चाहती थीं।<br>उत्तर – (c) माँ धरती की तरह विशाल हृदय की थी पर उसे सब सहना भी पड़ता था। | 1 |
| | – | – | (i) | प्रश्न – हालदार साहब ने .................................... चयन कीजिए :<br>उत्तर – (d) (क) और (ख) | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – बालगोबिन भगत .................................... सबसे उचित है?<br>उत्तर – (d) भगत गृहस्थ जीवन में भी एक संन्यासी की तरह थे। | 1 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे उचित विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | तब भी कहते ..................................... कर जो भाग गया। | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – अपने बीते हुए जीवन .................................. देख रहा है?<br>उत्तर – (b) सरल और सामान्य | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – जीवन-गाथा नहीं .................................. कारण मुख्य है?<br>उत्तर – (b) विनम्र स्वभाववश अपनी जोवन-कथा को आम आदमी की कथा मानना। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'उज्ज्वल गाथा कैसे .................................. कहा गया है?<br>उत्तर – (c) प्रेयसी / पत्नी के साथ व्यतीत मधुर स्मृतियों को। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'देखोगे – यह .................................. क्या अभिप्राय है?<br>उत्तर – (b) विशिष्ट उपलब्धियों का न होना | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न –उपर्युक्त .................................. भाव है –<br>उत्तर – (a) जीवन के यथार्थ एवं अभाव पक्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति | 1 |
| 10 | 10 | 10 | 10 | पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : | 2x1=2 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – सूरदास के पदों .................................. उद्धव हैं –<br>उत्तर – (c) निर्गुण ब्रह्म के उपासक, कृष्ण सखा, योग-मार्गी | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – मुख्य गायक द्वारा ............................ प्रकार सँभालता है?<br>उत्तर – (c) उसके स्वर में स्वर मिलाकर | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – लक्ष्मण के द्वारा ............................ सम्मिलित नहीं है?<br>उत्तर – (d) हँसी-खेल में रघुपति से टूट गया। | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – संगतकार की ................................. है –<br>उत्तर – (c) प्रत्येक परिस्थिति में मुख्य गायक का पीछे से साथ देने के लिए | 1 |
| | – | – | (i) | प्रश्न – गोपियों के अनुसार ................................. कैसा था?<br>उत्तर – (a) प्रेम के भाव से वंचित | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – 'यह दंतुरित मुस्कान ................................. मान रहा है?<br>उत्तर – (b) बांस और बबूल के समान | 1 |
| | | | | **खंड 'ब'**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | 3x2=6 |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'एक कहानी ................................ अवश्य शामिल हों।<br>उत्तर – | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • देश में चारों तरफ़ प्रभात-फेरियाँ, हड़तालें, जुलूस, भाषण, प्रदर्शन आदि का आयोजन होना<br>• आंदोलनकर्ताओं की गिरफ़्तारियाँ होना<br>• आंदोलन में सबका बढ़चढ़ कर भाग लेना<br>• शैक्षणिक संस्थानों को बंद करवाया जाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'नेताजी का चश्मा ........................... क्या विचार आया?<br>उत्तर –<br>• मूर्ति पत्थर की और चश्मा रियल!<br>• शायद मूर्तिकार चश्मा लगाना भूल गया।<br>• बिना चश्मे वाली पत्थर की मूर्ति पर चश्मा लगाना सराहनीय कार्य है।<br>• कस्बे के नागरिकों की देशभक्ति पर अचरज हुआ।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – बालगोबिन भगत के ........................ उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• उनके मधुर गान के कारण<br>• उनके अलग व्यक्तित्व के कारण (कबीरपंथी, साहब की शिक्षाओं पर चलना)<br>• उनकी दिनचर्या के कारण<br>• गृहस्थ होते हुए साधु समान आचरण के कारण<br>• कथनी-करनी एक होने के कारण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ के ................................ टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>संस्कृत व्यक्ति –<br>• खोज / आविष्कार करने वाला ;<br>खूबियां –<br>विद्वान / विदुषी / मनीषी,<br>आविष्कारक, कल्याणकारी, त्यागी, ज्ञानेप्सा-युक्त, पूर्वजों की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने वाला, बुद्धि और विवेक से नवीन तथ्यों का विश्लेषण करने की योग्यता वाला<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+½ +½ =2 |
| 12 | 12 | – | – | प्रश्न – पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | 3x2=6 |
| | (क) | – | – | प्रश्न – सूर की गोपियाँ ................................ नहीं कर रहे हैं?<br>उत्तर –<br>• प्रजा को न सताना<br>• उनके हितों की रक्षा / पालन करना ;<br>• अन्याय करके<br>• गोपियों की श्रीकृष्ण से मिलने की इच्छा पूरी न करके<br>• उद्धव द्वारा योग का संदेश भिजवाकर<br>(दोनों भागों से एक-एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – परशुराम शिव ................................ आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• शिव उनके आराध्य / गुरु थे;<br>• सहस्रबाहु के समान अपना शत्रु बताया।<br>• चेतावनी दी कि उसे समाज / सभा से अलग कर दिया जाए। अन्यथा सभी राजाओं का वध निश्चित है।<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – आपने अपने पाठ्यक्रम ........................... में कीजिए।<br>उत्तर –<br>– फ़सल कविता में ;<br>– किसान का परिश्रम (बुवाई, निराई, गुड़ाई आदि)<br>• नदियों के पानी से सिंचाई<br>• सूरज के प्रकाश और हवा से पोषण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | ½ +½ +½ +½=2 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – बादलों से संबंधित ................................ कविता में है?<br>उत्तर –<br>• ललित काले घुंघराले बाल<br>• बच्चों की कल्पना की तरह परिवर्तनशील<br>• आसमान में चारों तरफ़ छाए<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 12 (क) | – | प्रश्न – सूरदास की ................................ में स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• उद्धव कृष्ण के पास रहकर भी कृष्ण प्रेम से अछूते थे;<br>दृष्टांत<br>• कमल का पत्ता जल में रहकर भी जल से अछूता<br>• तेल की गागर जल में होते हुए भी जल से अछूती | 1+½+½=2 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'अट नहीं रही' ................................ प्रभाव पड़ा है?<br>उत्तर –<br>• पेड़ों पर नए लाल-हरे पत्ते निकलना<br>• सारा वातावरण पुष्पित और सुगंधित होना<br>• शीतल-मंद-सुगंधित हवा चलना<br>कवि पर प्रभाव<br>• प्राकृतिक सौंदर्य में खो जाना<br>• मन को कल्पनाओं के पंख लगना<br>• मन में उमंग और उल्लास<br>• प्रकृति के अद्‌भुत सौंदर्य का आँखों में न समा पाना / मन तृप्त न होना<br>(दोनों भागों स दो-दो बिंदु अपेक्षित) | ½ +½ +½ +½=2 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'यह दंतुरित मुस्कान' ................................ क्यों करते हैं?<br>उत्तर –<br>• अपलक / लगातार, एकटक देखना;<br>• अपरिचित को देखकर उसे पहचानने के लिए, | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • नवीन वस्तुओं के प्रति जिज्ञासा<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर भी स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – कवि की दृष्टि ............................ आप उससे सहमत हैं?<br>उत्तर –<br>• हर स्थिति में मुख्य गायक का साथ देना<br>• कभी उससे आगे जाने की होड़ न करना<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | ½ +½ +1=2 |
| | – | – | 12 (क) | प्रश्न – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम ...................... उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• गुरु (शिव) के परम भक्त<br>• बालब्रह्मचारी<br>• अति क्रोधी<br>• क्षत्रिय कुल-द्रोही<br>• आत्मप्रशंसक<br>• बलशाली<br>• यशस्वी<br>• साहसी<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | ½ +½ +½ +½=2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – इस वर्ष पाठ्य-पुस्तक ....................... शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर – कविता-उत्साह ; | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • सामाजिक क्रांति / परिवर्तन का आह्वान<br>• शोषित-पीड़ित जनता की आकांक्षा की पूर्ति<br>• नव-निर्माण | ½ +1½ =2 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'फसल' किन-किन ......................... प्रयास करने चाहिए?<br>उत्तर –<br>• नदियों के पानी का, किसान के परिश्रम का, मिट्टी के गुण-धर्म का, सूरज की रोशनी और हवा का ;<br><u>प्रयास</u><br>• प्रकृति को स्वच्छ व मिट्टी को प्रदूषण मुक्त बनाना<br>• रासायनिक पदार्थों के उपयोग को कम करना<br>• जैविक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग करना<br>• दो फ़सलों के बीच उपजाऊ क्षमता बढ़ाने के लिए खेत को खाली छोड़ना<br>• अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+½ +½ =2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – मुख्य गायक ................................ पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• गायन में साथ देने के लिए<br>• वह अकेला नहीं है, इस विश्वास के लिए<br>• अनहद में खो जाने पर स्थायी को सँभाले रखने के लिए<br>• स्वर को बिखरने से पहले ही सँभाल लेने के लिए<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 13 | 13 | 13 | 13 | प्रश्न – पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | 2x4=8 |
| | (क) | – | – | प्रश्न – ''बच्चों के सुख-दुख ........................... सिद्ध कीजिए।<br>उत्तर –<br>आशय – बच्चे स्वभाव से निश्छल होते हैं। वे अच्छी-बुरी बातें कुछ ही पलों में भूल जाते हैं।<br>उदाहरण –<br>• माँ के द्वारा जबरन तेल लगाने पर रोना, बाहर आते ही साथियों के मिल जाने पर हँसना-खेलना<br>• अध्यापक द्वारा पिटाई होने पर रोना, पिता द्वारा ले जाने पर साथियों के साथ मिलकर हँसना-खेलना | 2+1+1=4 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'साना-साना हाथ ............................. गलत कर रहा है?<br>उत्तर –<br>अखंडित संपूर्णता – पेड़-पौधे, पशु-मानव, नदी-पर्वत आदि सबका अपनी लय-ताल और गति में होना<br>आवश्यकता – प्रकृति की इस संपूर्णता से ही धरती / संसार का संतुलन है।<br>मनुष्य की गलती<br>(उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>धरती के लिए खतरा उत्पन्न होना, जीवन के विनाश का खतरा उत्पन्न होना | 2+1+1=4 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – हिरोशिमा जाने ................................ पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>विज्ञान के द्वारा विनाश की भयावहता, हिरोशिमा विस्फोटक का भोक्ता, पीड़ितों की पीड़ा<br>सबक के समान क्यों –<br>• विज्ञान के दुरुपयोग के विनाशकारी परिणामों का प्रत्यक्ष प्रमाण<br>• युद्ध सदैव विनाशकारी<br>• परमाणु हथियारों की विनाश लीला<br>(उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | 2+2=4 |
| | – | 13 (क) | – | प्रश्न – "भोलानाथ का ................................ टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>पाठ से<br>• माता-पिता द्वारा बच्चों को पर्याप्त समय देना<br>• आसपास उपलब्ध वस्तुओं को खिलौनों के रूप में उपयोग करना<br>• पारंपरिक खेल खेलना और बड़ों के क्रियाकलापों का अभिनय करना<br>• मित्रों के साथ मिल-जुलकर समय बिताना<br>जीवन से<br>• माता-पिता के पास समयाभाव<br>• वर्चुअल (आभासी) दुनिया में अधिक रहना<br>• इलेक्ट्रांनिक और प्लास्टिक के खिलौनों का उपयोग करना | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • सामूहिकता का अभाव<br>• तकनीक का अधिक प्रयोग<br>(उपयुक्त तुलनात्मक दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2=4 |
| | – | 13 (ख) | – | प्रश्न – 'साना-साना हाथ ................................. स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• जीवन-यापन में रोज़मर्रा की आवश्यकता पूर्ति के लिए भी कठिन संघर्ष करना<br>• पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़कर बच्चों द्वारा स्कूल जाना और लौटकर घर के कार्यों में हाथ बँटाना<br>• स्त्रियों का बच्चों को पीठ पर बाँधकर पत्थर तोड़ना, सड़क बनाना आदि कठिन काम करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2=4 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – ''मैं क्यों लिखता ................................ व्याख्या कीजिए।<br>उत्तर –<br><u>रचना प्रक्रिया</u><br>• आंतरिक विवशता से मुक्ति<br>• बाह्य दबाव<br>• प्रत्यक्ष अनुभव<br>• प्रत्यक्ष अनुभूति<br><u>गुर</u><br>• लेखन के लिए प्रेरित करने वाले तत्वों से परिचित होना<br>• आंतरिक विवशता को रचनात्मक ताना-बाना पहनाना<br>(संदर्भगत अन्य उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2+2=4 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 13 (क) | प्रश्न – 'मैं क्यों ................................ पक्ष में तर्क दीजिए।<br>उत्तर –<br>अनुभूति अनुभव से गहरी होती है।<br>स्वयं के साथ घटी घटना अनुभव है।<br>संवेदना और कल्पना से स्वयं के साथ न घटी घटना / सत्य को भी आत्मसात करना अनुभूति है।<br>उदाहरण – हिरोशिमा की त्रासदी,<br>हिरोशिमा में जले हुए पत्थर पर एक लंबी-उजली छाया देखकर स्वंय को भोक्ता महसूस करना<br>(प्रश्न के तीसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | 2+1+1=4 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'माता का अँचल ................................ लेकर स्पष्ट करें।<br>उत्तर –<br>बच्चों का जीवन<br>• प्रकृति के सानिध्य में, नदियों-बाग-बगीचों से जुड़ाव<br>• खेलों में प्राकृतिक / पारंपरिक सामग्री का प्रयोग<br>• बच्चों के खेलों में सामाजिकता की छाप<br>• कृषि, बरात, दुकान आदि खेलों के विषय<br>आज का जीवन<br>• सामाजिक संबंधों में दूरी<br>• सीमित परिवेश<br>• असुरक्षित वातावरण | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • खेलों में तकनीक की प्रधानता<br>(प्रश्न के दोनों भागों से कोई दो-दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2=4 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'यूमथांग' और 'कटाओ' ............................ करना चाहेंगे?<br>उत्तर –<br>यूमथांग – ज़्यादा लोकप्रिय पर्यटक स्थल, पर्यटकों के लिए सुविधायुक्त, प्राकृतिक रूप से कटाओ से कम सुंदर, बर्फ का न होना, व्यावसायिक गतिविधियाँ<br>कटाओ – प्राकृतिक रूप से यूमथांग से अपेक्षाकृत अधिक सुंदर, चारों तरफ़ बर्फ़, व्यावसायिक गतिविधियों का अभाव, भारत का स्विट्ज़रलैंड<br>(प्रश्न के दूसरे व तीसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | 2+1+1=4 |
| 14 | 14 | 14 | 14 | प्रश्न – निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए: | 6 |
| | (क) | (क) | (क) | बुज़ुर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | उम्मीद पर दुनिया कायम | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | 'परहित सरिस धर्म नहीं' | |
| | | | | उत्तर – | |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 15 | 15<br><br>(क)<br>अथवा<br>(ख) | 15<br><br>(क)<br>अथवा<br>(ख) | 15<br><br>(क)<br>अथवा<br>(ख) | **अनुच्छेद-लेखन**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** :-<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए :<br><br>आपका नाम रमैया ................................ बहन को पत्र लिखिए।<br><br>आप 27/6-बी, ................................ उठाने का अनुरोध कीजिए।<br><br>उत्तर – | 5 |

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **पत्र-लेखन**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निदश :-**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 16 | 16 (क) | 16 (क) | 16 (क) | जड़ी-बूटियों से ................................ स्ववृत्त तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>**स्ववृत्त-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | 5 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **विशेष निर्देश :-**<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| | अथवा 16 (ख) | अथवा 16 (ख) | अथवा 16 (ख) | आप जुबैर ................................ 80 शब्दों में ईमेल लिखिए।<br>उत्तर -<br>**औपचारिक ई-मेल**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :-**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ईमेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतोकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 17 | 17 (क) | 17 (क) | 17 (क) | जल संकट के प्रति ................................ विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>**विज्ञापन-लेखन**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 4 |
| | अथवा (ख) | अथवा (ख) | अथवा (ख) | आप अनन्य देव ................................ संदेश 60 शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर – | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **संदेश-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** –<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है फिर भी प्रश्नानुकूल उपयुक्त प्रारूप को आवश्यक माना जाए।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |